

# पगारा डैम फुल, चंबल में कोटा से 1 .73 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

## राजघाट पर चंबल का जलस्तर 124 .4 मीटर पर, मंगलवार की दोपहर से बढ़ेगा स्तर, देर रात को कभी भी खुल सकते हैं पगारा डैम के गेट

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** पहाड़गढ़ क्षेत्र सहित श्योपुर क्षेत्र के जंगलों में हो रही जोरदार बारिश के कारण पगारा डैम पूरी तरह भर चुका है। सोमवार की देर रात को डैम के स्वचलित गेट खुलने की संभावनाएं है। वहीं कोटा बैराज से सोमवार की दोपहर चंबल नदी में 1 लाख 73 हजार क्यूसेक पानी का हैवी डिस्चार्ज किया गया है। यह पानी मंगलवार की शाम तक एनएच-44 हाईवे स्थित राजघाट पर पहुंचेगा। सोमवार की शाम 6 बजे राजघाट पर चंबल नदी का जलस्तर 124.4 मीटर पर बना हुआ था। जो खतरे के निशान 138 मीटर से करीब 14 मीटर नीचे है।





**पगारा डैम लबालब, कभी भी खुल सकते है स्वचलित गेट :** अंचल का सबसे बड़ा पगारा डैम पानी से पूरी तरह लबालब हो चुका है। डैम की क्षमता 654 फीट है, सोमवार की शाम तक डैम पूर्ण क्षमता तक पानी से भर चुका था। जल संसाधन विभाग जौरा डिवीजन के कार्यपालन यंत्री राहुल यादव ने बताया कि पूरी तरह से फुल हो चुके पगारा डैम के स्वचलित गेट कभी भी खुल सकते है। जिसे देखते हुए आसन नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**स्थिति का जायजा लेने पगारा डैम पहुंचें एसडीएम-तहसीलदार:** पगारा डैम के फुल होने की सूचना मिलने के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए एसडीएम प्रदीप सिंह तोमर और तहसीलदार कल्पना कुशवाह सोमवार की दोपहर डैम पर पहुंचें। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और वहां तैनात जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से गेट खुलने के बारे में चर्चा की।

**जिले में अब तक 459.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज :** जिले में 14 जुलाई तक 459.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 228.1 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 14 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा सबलगढ़ में 603 और सबसे कम अंबाह तहसील में 329.4 मिमी दर्ज की गई है। मुरैना में 565.6, पोरसा में 519, जौरा में 409, कैलारस में 332 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 14 जुलाई को सर्वाधिक 152 मिमी वर्षा सबलगढ़ में दर्ज की गई है।

### एक नजर में

## रिठौराकलां में युवक की मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** रिठौराकलां थाना क्षेत्र के ग्राम तोड़े का पुरा में रहने वाले जायद खान 23 पुत्र नईम खान की 13 जुलाई को रशीद, मुल्ला, रमजान, संजय ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

**मुरैना, 14 जुलाई ।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र में 13 जुलाई को अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक पर सवार होकर जा रहे अजय शाक्य नि. गोपालपुरा मुरैना और उसकी पत्नी जूली शाक्य (19) को एनएच-552 हाईवे पर सबलगढ़ क्षेत्र में न्यू कोर्ट के सामने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार जूली शाक्य बुरी तरह जख्मी हो गई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## बानमोर में मारपीट के दो अलग-अलग मामले दर्ज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** बानमोर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दो अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए है। पुलिस ने सोनप्रकाश पुत्र आतमदास नि. फड़ का पुरा की रिपोर्ट पर नीरज जाटव के विरुद्ध तथा गब्बर पुत्र मुलुआ बघेल नि. बरईपुरा की रिपोर्ट पर सुरेश, दिनेश, अंतराम के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## पीपरीपुरा में ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे 11 गिरफ्तार

**मुरैना, 14 जुलाई ।** सिविल लाईन थाना पुलिस ने रविवार को पीपरीपुरा में ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रहे 11 लोगों को पकड़ा। उनके पास से ताश की गड्डी और नकदी 6140 रूपये बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपियों में सुरेन्द्र, सुनील, भूपेन्द्र गुर्जर, अवधेश यादव, नरेश यादव, जितेन्द्र जाटव, मनीष जाटव, सुनील जाटव, राजवीर प्रजापति, हलुके जाटव, बृजेश जाटव नि. पीपरीपुरा शामिल है। पुलिस ने जुआ एक्ट की एफआईआर दर्ज कर ली है।

## जिला पेंशन फोरम की बैठक आज होगी

**मुरैना, 14 जुलाई ।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पेंशन फॅर्म की बैठक 15 जुलाई को अपरान्ह 03 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गई है। बैठक के संबंध में जिला पेंशन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के लिए सूचना जारी की है।

## बाढ़ से हुए नुकसान पर आज सर्वदलीय बाजार बंद



**सबलगढ़ ।** नगर में नगर पालिका द्वारा की जा रही अवैध वसूली और नगर की नाले नालियो की सफाई नहीं होने से गत दिवस हुई बारिश से करोड़ो रुपए के नुकसान के विरोध में आज15 जुलाई मंगलवार को सर्वदलीय पार्टियों ने बाजार बंद का आव्हान किया है इसके लिए सभी दलों के नेताओं ने आज एक ज्ञापन एस डी एम के नाम सौंपा जिसमें कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जादौन कमल सिंह रावत जगदीश बंसल त्रिलोक चौधरी सी पी एम के मुरारी लाल धाकड़ आदि नेताओं ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि नगर पालिका द्वारा पथ कर नाकों पर अवैध वसूली और बाजार बैठक की अवैध वसूली के खिलाफ कल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा वहीं नगर पालिका द्वारा इस वर्ष शहर के नाले नालियो की सफाई नहीं कराई गई है जिससे नगर में बरसात से पूरा शहर जलमग्न हो गया वही आम जनता के घरों एवं दुकानों में पानी भरने से करोड़ो रुपए का नुकसान हो गया है।

## ग्राम खेड़ा कलां में बरसात से भरे पानी को एस डी एम ने निकलवाया



**सबलगढ़ ।** सबलगढ़ से बीस किलोमीटर दूर ग्राम खेड़ा कलां में कल हुई अति वृष्टि से ग्राम का संपर्क एम एस रोड से टूट गया था आज सुबह एस डी एम अरविंद माहौर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर डोमी लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बरसात के पानी को निकालने की व्यवस्था की वही बचाव राहत कार्य भी चलवाया ग्रामीणों के लिए राहत कार्य भी चलवाया ग्राम खेड़ा कलां में कीरतपुर मांगरोल पिपरघान से गुरा नाले का पानी पहुंचता है जिससे चूंकि यह पानी नेपरी ग्राम तक जाकर क्वारी नदी में मिलता है अत्यधिक बरसात होने से खेड़ा कलां ग्राम के चारों तरफ पानी जमा हो गया था जिससे ग्राम वासियों को गांव से बाहर निकल ने में परेशानी आ रही थी ।

# श्रावण सोमवार : बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय





नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** सावन के पहले सोमवार को शहर सहित जिले भर के शिव मंदिरों पर भगवान भोलेनाथ की आराधना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें। मंदिरों में श्रद्धालुओं के पंहुचनें का क्रम दिनभर चलता रहा।

सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं का शिवालयों में पहुंचना शुरू हो गया था। दूध, शहद, घी, गंगाजल से अभिषेक करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का श्रृंगार किया और उनके प्रिय बेलपत्र, धतूरा, भांग अर्पित किए। शिव मंदिरों पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचनें का क्रम दिनभर चलता रहा।

**शिव मंदिरों पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़ :** पहले सोमवार को अंचल के ऐतिहासिक शिव मंदिरों पर शिवाभिषेक करने को भक्तों का तांता लगा रहा। मुरैना शहर के बड़ोखर कैलारस के अलोपी शंकर, ईश्वरा महादेव, सिहौनिया में ककनमठ, कोलुआ महादेव मंदिर, बटेश्वरा, मितावली के शिव मंदिरों पर शिवभक्तों का देर शाम तक पहुंचना जारी था।


**जौरा नगर के शिवालयों में दिनभर रहीं श्रद्धालुओं की भीड़:** सावन महीने के पहले सोमवार को जौरा नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर देखने को मिली। शिवभक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, शक्कर से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। नगर के ओमश्री मनकामेश्वरी महादेव मंदिर पर प्रात:काल से ही भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। वहीं नगर के अन्य शिवालयों में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।

# हाईटेंशन लाईन के करंट से झुलसे युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** शहर के रविदास नगर इलाके में विगत 1 जुलाई को मकान की छत्त के नजदीक से गुजरी हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से करंट से बुरी तरह झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**शहर के रविदास नगर में 1 जुलाई को हुआ था हादसा**



जानकारी के अनुसार रविदास नगर में रहने वाला छोटू उर्फ रंजीत रजक 20 पुत्र राकेश रजक विगत 1 जुलाई को अपने घर की छत्त पर काम कर रहा था। तभी घर के पास से गुजरी हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से उसे करंट का झटका लगा, जिससे उसके दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए थे। उसे गंभीर हालत में जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 13 जुलाई की रात को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

# विद्युत चोरी के 5 केस बनाए, 3 लाख 24 हजार की वसूली

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 14 जुलाई ।** बकायादारों से वसूली और विद्युत चोरी को रोकने के लिए जौरा कस्बे में बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को शहर के अलग-अलग हिस्सों में कार्रवाई करते हुए 5 उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए। टीम ने 32 बकायादारों के कनेक्शन काटे और 3 लाख 24 हजार रूपये की राशि भी वसूली।

**32 बकायादारों के कनेक्शन काटे, जौरा कस्बे में बिजली विभाग की कार्रवाई**



सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री पीएस यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा, मनोज जाटव, हरिओम कुशवाह, घनश्याम सिकरवार, अमरकांत शर्मा, ऋषिकेश कुशवाह, मनोज सविता, अहसान खान, अलीमुद्दीन खान, बृजमोहन धाकड़ ने नगर के एमएस रोड, चंद्रशेखर आजाद रोड, भगत सिंह कॉलोनी, डाकखाना रोड, पुराना चौराहा, इस्लामपुरा रोड, तहसील चौराहा, सदर बाजार आदि जगहों पर चैकिंग अभियान चलाया।

# 22 सितंबर को मुरैना में निकलेगा अग्रसेन चल समारोह

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर 22 सितंबर को मुरैना नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जयंती के मौके पर अग्रसेन सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन होगा। सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित**



यह निर्णय सोमवार को अग्रवाल महासभा की बैठक में लिया गया। अग्रसेन जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में इस बैठक का आयोजन टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में हुआ। बैठक में जयंती पर निकाले जाने वाले चल समारोह की तैयारियों की जिम्मेदारी रवि गर्ग को सौंपी गई। रवि गर्ग के नेतृत्व में अग्रवाल यूथ क्लब व्यवस्थाएं संभालेगा। वहीं सांस्कृतिक सप्ताह के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सुधीर गोयल के नेतृत्व में अग्रवाल युवा महासभा को दी गई है। बैठक में बताया गया कि प्रतिवर्ष की भांति अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का केएस ऑयल्स द्वारा सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह की जिम्मेदारियां राकेश अग्रवाल को दी गई है। संपन्न हुई बैठक में महासभा के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग, अध्यक्ष मोहन बंसल, महामंत्री ताराचंद्र मंगल, श्रीमती शशि अग्रवाल, श्रीमती माधुरी मित्तल, श्रीमती कामिनी मित्तल, मनोज सिंघल, रवि गर्ग, मुन्नालाल मित्तल, रामगोपाल गर्ग, राधेलाल सिंघल, अंशु सिंघल, रोहित मित्तल, विक्की बंसल, जितेन्द्र गोयल, टिंकल, अनूप गर्ग आदि उपस्थित थे।

**In The Court Of I Civil Judge Class-1**

**Presiding Officer :** श्री अंजय सिंह

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**

**( RCS A/0000277/2024 )**

**रामलखन यादव..........वादी**

**Vs**

**श्रीमती महादेवी..........प्रतिवादी**

**Process id-/2025**

**पेशी दिनांक:- 18/08/2025**

**प्रेषिती-**

(1) मनीष पिता स्व. रामजीवन सिंह, पता-ग्राम पृथ्वीपुरा पंचायत मुंदावली धमकन, तहसील जौरा, जिला मुरैना एम.पी. (2) श्रीमती मीनू पति मनीष पुत्री स्व. रामजीवन, पता-पानी की टंकी के पास ग्राम जींगनी, तहसील व जिला मुरैना एम.पी. (3) राजवीर पिता स्व. रामजीवन सिंह पता-ग्राम पृथ्वीपुरा पंचायत मुंदावली धमकन, तहसील जौरा, जिला मुरैना एम.पी.

यह कि प्रार्थी रामलखन यादव ने आपके विरुद्ध वाद वास्ते घोषणा संविदा के विनिर्दिष्ट पालनार्थ एवं स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 11 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**

**( अंजय सिंह )**

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, जिला मुरैना ( म.प्र. )**

**कृपया ध्यान दें:-**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# केवाईसी में कम प्रगति :कैलारस-सबलगढ़ सीएमओ को नोटिस

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** लगातार वर्षा होने से कई नगरीय निकायों में जलभराव की स्थिति निर्मित हुई है। इसके लिए सभी नगरीय निकायों के सीएमओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करें, विगत दो वर्ष में कहां-कहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। वहां के नाले-नालियों को युद्ध स्तर पर सफाई करायें। ताकि शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके।



यह निर्देश कलेक्टर ने सोमवार को टीएल पत्रकों की समीक्षा बैठक के दौरान जिले के समस्त सीएमओ एवं जनपद सीईओ को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र धाकरे, समस्त एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर सहित समस्त जिला अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ यह सुनिश्चित करें श्मशान तक पहुंचने वाले रास्तो पर पानी न भरे। इसके लिए राजस्व अधिकारी स्वयं अपने-अपने पटवारियों को क्षेत्र में भेजे और मौके पर जनपद सीईओ और सीएमओ के साथ नाले-नालियों की सफाई अपनी उपस्थिति में करायें। कलेक्टर ने जिले के ई-केवायसी की समीक्षा के दौरान पाया कि सबलगढ़ व कैलारस के सीएमओ द्वारा ई-केवायसी में निम्न प्रगति दी है। इस पर उन्होंने सबलगढ़ और कैलारस सीएमओ का 3-3 दिन का वेतन काटने का नोटिस पीओ डूडा को जारी करने के निर्देश दिये।

## एस डी एम ने किया निरीक्षण सफ़ाई के दिए निर्देश

**सबलगढ़।** सबलगढ़ शहर में दिनांक 13 जुलाई को हुई बारिश से शहर के सभी कार्यालयों में दो दो फीट पानी भर गया जिससे आज अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय पहुंचने में कठिनाई आई वहीं एस डी एम अरविंद माहौर ने आज सुबह जनपद कार्यालय ओर कृषि विभाग कार्यालय का मुआयना किया सी एम ओ सुरेश गोयल को बरसात के पानी को निकालने के लिए निर्देश दिए सबलगढ़ शहर में हुई मूसलाधार बारिश से जहां पूरा शहर जलमग्न हो गया था वहीं शहर के शासकीय कार्यालय भी सुरक्षित नहीं रहे शासकीय कार्यालय के जनपद पंचायत कार्यालय कृषि विभाग पुलिस थाना प्रांगण सी एम राइज स्कूल एस डी एम कार्यालय में दो दो फीट तक बरसात का पानी भर गया था ।

# आंगनबाड़ीकर्मी नियमित किए जाएं, न्यूनतम पेंशन निर्धारित हो

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 जुलाई ।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के लिए नीति निर्धारित कर नियमितीकरण किए जाने और न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराने सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ बैनर तले सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने नवीन कलेक्ट्रेट भवन पर प्रदर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में संगठन की ओर से आंगनबाड़ी कर्मचारी 1975 से निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने और देश में कुपोषण को कम करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन उनकी मांगों पर सरकारों ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। ज्ञापन में



नियमितीकरण, न्यूनतम पेंशन की सुविधा दिए जाने, 10 वर्ष का अनुभव होने पर पर्यवेक्षक के लिए अर्हता पूर्ण करने वाली कार्यकर्ताओं को पदोन्नत किए जाने, विभागीय कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों में सेवाएं न लिए जाने सहित 10 मांगों का उल्लेख किया गया है। संगठन ने सरकार से आंगनबाड़ी कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है। ज्ञापन संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता शर्मा, जिला सचिव यशोदा शर्मा, जिलाध्यक्ष सुनीता गुर्जर के नेतृत्व में सौंपा गया।